O.C.

ADITYA BIRLA
HINDALCO

दिनांक 23.05.2023

सेवा में,
प्रभागीय वनाधिकारी,
रेनुकूट वन प्रभाग,
रेनुकूट–सोनभद्र ।

**विषयः** जनपद–सोनभद्र के रेनुकूट वन प्रभाग अन्तर्गत मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड रेनुकूट को 132के0वी0 विद्युत पारेषण लाइन के खम्भे आदि लगाने हेतु पूर्व में पट्टे पर दी गयी 6.394 हे0 वन भूमि की लीज को पुनः 25 वर्षो हेतु दिनांक 01.04.2022 से दिनांक 31.03.2047 तक नवीनीकरण किये जाने के संबंध में ।

**संदर्भः** 1. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक 3033/11–सी, FP/UP/TRANS/140402/2021 दिनांक 23.03.2023
2. आपका पत्रांक 3745/रेनुकूट/15–26 दिनांक 06.05.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण में आपके संदर्भित पत्र के अनुपालन में प्रस्ताव में इंगित कमियों का निराकरण कर दिया गया है। विवरण निम्नलिखित है –

| क्र0सं0 | इंगित कमियों का विवरण | निराकरण/अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव के पृष्ठ–2 पर रक्षित गैर वन भूमि का स्वामित्व किसका है। | प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या–2 पर उल्लिखित 2.846हे0 गैर वन भूमि के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि 2.846हे0 में से 2.214हे0 गैर वन भूमि उ0प्र0 जल विद्युत निगम लिमिटेड (रिहन्द) की है, तद्नुसार हुए करार की प्रति संलग्न है। इस सम्बन्ध में उ0प्र0 जल विद्युत निगम के कार्यालय में भी सम्पर्क कर सूचना/अभिलेख प्राप्त करने का प्रयास किया गया, परन्तु प्रकरण लगभग 50 वर्ष पुराना होने के कारण उक्त कार्यालय में भी कोई अभिलेख प्राप्त नहीं हो सका।<br>शेष 0.632हे0 गैर वन भूमि इस संस्थान को उ0 प्र0 शासन (वन विभाग) द्वारा गवर्नमेंन्ट ग्रान्ट एक्ट के अन्तर्गत पूर्व में हुए हस्तांतरित 1093.35 एकड़ भूमि का ही भाग है। उक्त हस्तांतरित भूमि का मानचित्र वन विभाग एवं संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से तैयार करते हुए हस्ताक्षरित भी किया गया है।<br>यहॉ यह भी अवगत कराना है कि उक्त ट्रान्समिशन लाइन गत 50 वर्षो से कायम है और इस ट्रान्समिशन लाइन का यह द्वितीय नवीनीकरण प्रस्ताव है। |

अतः श्रीमान्जी से अनुरोध है कि विषयक प्रकरण में अपने स्तर से अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

सधन्यवाद,

भवदीय,
कृते हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

23/05/2023

(विवेक कुमार)
हेड–लीगल

**संलग्नक :** उपरोक्तानुसार।

**Hindalco Industries Limited**
P.O. Renukoot-231217, District, Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 I Fax: +91 5446 252107/252427 I E: hindalco@adityabirla.com I W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 I Fax: 91 22 6691 7001
Corporate ID No.: L27020MH1958PLC011238